उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 15.10.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु चलाए जा रहे "मिशन शक्ति" के फेज-5.0 अभियान के तहत जनपदीय महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों एवं कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी देते हुए किया गया जागरुक-

उ0प्र0 पुलिस प्रशासन द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे "मिशन शक्ति" के फेज-5.0 अभियान के तहत 90 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक 15.10.2024 को जनपद के समस्त थानों में गठित महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा महिला बीट आरक्षी/एंटी रोमियों पुलिस टीम सहित पुलिस अधिकारीगण के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति फेज-5 के तहत जागरुक किया गया।

अभियान के तहत बालिकाओं/महिलाओं को महिला उत्पीड़न की रोकथाम, उनके अधिकारों एवं महिला उत्पीड़न के संबंध में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जागरूक किया गया तथा प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु चलायी जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओ मुख्यमंत्री सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बैंकिंग कॉरस्पोडेंट सखी, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व राष्ट्रीय पोषण मिशन के संबंध मे विस्तृत जानकारी दी गयी। सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहो एवं साइबर क्राइम, डिजिटल अरेस्ट के बारें में जागरुक कर साइबर हेल्पलाइन नम्बर-1930 सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों यथा- 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076–मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा आदि के विषय मे जागरूक करते हुए पम्पलेट वितरित किया गया।









उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 15.10.2024**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक 15.10.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा आगामी त्यौहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजामो के दृष्टिगत जनपद महोबा के व्यापारी/सर्राफा बन्धुओं एवं व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों के साथ की गई गोष्ठी-

आज दिनांक- 15.10.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा आगामी त्यौहार धनतेरस, दीपावली आदि के दौरान संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए जनपद महोबा के व्यापारी बन्धुओं, सर्राफा व्यावसायी एवं व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह की मौजूदगी में पुलिस लाइन अवस्थित सभाकक्ष में गोष्ठी की गई।

इस दौरान व्यापारी बन्धुओं से उनकी समुचित सुरक्षा एवं उनकी समस्याओं के बारे में विस्तृत चर्चा की गई, समस्याओं से अवगत होकर उनके त्वरित निस्तारण के लिए सम्बन्धित को आदेशित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने व्यापारियों को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त करते हुए बताया कि त्यौहारों के दौरान सुरक्षा के दृष्टिगत यूपी 112 तथा स्थानीय पुलिस व क्यूआरटी टीम सर्राफा बाजार, व्यापारिक प्रतिष्ठान एवं महत्वपूर्ण स्थानों के आस-पास 24 घण्टे भ्रमशशील रहेंगी, जिससे त्यौहार के समय अत्यधिक भीड़  होने पर किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न घटित हो सके। किसी भी प्रकार की आशंका होने पर अविलंब पुलिस को सूचना दें, जिससे समय रहने त्वरित कार्यवाही की जा सके। व्यापारी बन्धुओं को पुलिस प्रशासन की ओर से पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया गया है, सुरक्षा का अहसास कराने के लिए पुलिस टीम को उनसे लगातार संपर्क में रहने के लिए निर्देशित किया गया है।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा गोष्ठी में व्यापारी बन्धुओं से अपील कर त्यौहारों के दौरान विशेष सतर्कता बरते जाने, सुरक्षा के दृष्टिगत दुकानों/प्रतिष्ठानों पर CCTV लगाए जाने एवं अन्य सुरक्षा सम्बन्धी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा कर सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये हैं।






# महोबा पुलिस



## थाना खरेला पुलिस ने मानसिक विक्षिप्त महिला व उसके बच्चे को परिजनों से मिलाया, परिवार में लौटी खुशियां...।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपदीय पुलिस टीम द्वारा विभिन्न सराहनीय कार्य किये जाते हैं, जिससे स्थानीय जनता में पुलिस के प्रति विश्वास उत्पन्न हो सके।

इसी क्रम में आज दिनांक 15.10.24 आईटीआई प्रशिक्षण संस्थान के पास कस्बा व थाना खरेला मे एक विक्षिप्त महिला उम्र 28 वर्ष अपने 3 वर्षीय बेटी के साथ बैठे होने की सूचना पर खरेला पुलिस द्वारा विक्षिप्त महिला से पूछताछ की गयी तथा आस-पास जानकारी की गयी तो ज्ञात हुआ कि महिला का नाम सुमन पुत्री खिलाईया निवासी ग्राम अकौनी थाना अजनर महोबा बताया गया जिनके परिजनो को दूरभाष के माध्यम से सूचना दी तथा पहचान कराते हुए उक्त महिला के पिता खिलाइया व भाई विश्वनाथ प्रजापति को महिला हेल्प डेस्क के माध्यम से (खरेला पुलिस) द्वारा सुपुर्द कराया गया तथा मिशन शक्ति फेज-5 के अन्तर्गत जागरुक रहने हेतु बताया गया।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 15.10.2024**

**मीडिया सेल, महोबा**

- **अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना पनवाड़ी का औचक निरीक्षण किया गया।**
- **थानाक्षेत्र के संवेदनशील स्थानों व मिश्रित आबादी वाली जगहों पर भारी पुलिस बल के साथ पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।**





अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा आज दिनांक 15.10.2024 को थाना पनवाड़ी का औचक निरीक्षण किया गया।

इस दौरान थाना कार्यालय के महत्वपूर्ण अभिलेखों/रजिस्टर,मालखाना, हवालात, महिला हेल्पडेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, कंप्यूटर/ सीसीटीएनएस कक्ष, आईजीआरएस पेंडेंसी, लम्बित प्रकरण इत्यादि का निरीक्षण कर आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत क्षेत्र में विशेष सतर्कता बरते जाने व अपराधियों का चिन्हाकंन कर उनके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही में तेजी लाये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक पनवाड़ी को मिशन शक्ति 5.0 के तहत चलाये जा रहे विभिन्न अभियानों को रोस्टर के अनुसार नियमित रुप से चलाये जाने व महिला अपराधों के प्रति अधिक संवेदनशीलता बरते जाने व त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं।

इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना क्षेत्र में शान्ति एवं सुदृढ़ कानून व्यवस्था के दृष्टिगत थाना क्षेत्र के संवेदनशील व मिश्रित आबादी वाली जगहों पर भारी पुलिस बल के साथ प्रभावी पैदल गस्त कर एरियाडोमिनेशन करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।